Title: Need to provide stoppage of Vande Bharat Express (Train No. 22447) at Kurukshetra Railway Station

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): मैं प्रधानमंत्री जी एवं माननीय रेल मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने यात्री सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 22447 (नई दिल्ली से अम्ब अन्दौरा) वंदे भारत एक्सप्रेस आमजन की सुखद यात्रा हेतु समर्पित की जिसका उद्घाटन 19 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली से हुआ था। गीता उपदेश नगरी कुरुक्षेत्र में हर साल लाखों श्रद्धालु व यात्री देश विदेश से आते हैं जिसमें अधिकतर यात्री रेलमार्ग के माध्यम से धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में दर्शन लाभ के लिए आते हैं लेकिन गाड़ी वन्दे भारत का ठहराव कुरुक्षेत्र में न होने की वजह से उन्हें अन्य यातायात साधनो से आना पड़ता है जिस वजह से उनको काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। माननीय रेल मंत्री जी से मेरा विनम्र निवेदन है कि यात्री सुविधा को ध्यान रखते हुए उपर्युक्त गाड़ी संख्या 22447 वंदे भारत एक्सप्रेस का 2 मिनट का ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर करने की महान कृपा करें जिससे आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी तथा इस पौराणिक तथा ऐतिहासिक नगरी में पर्यटन के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।